# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**कोलकाता.** उप-क्षेत्रीय कार्यालय, बैरकपुर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. संयुक्त निदेशक (प्रभारी) अमरनाथ तिवारी के मार्गदर्शन में उप-क्षेत्रीय कार्यालय, बैरकपुर के सॉल्टलेक स्थित खेल मैदान में पुरुषों के लिए फुटबॉल व क्रिकेट मैच एवं महिला कर्मचारियों के लिए बैडमिंटन का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रभारी अधिकारी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक टीम तैयार की गई थी. कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी अधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फिट इंडिया संबंधी शपथ का पाठ कराया. कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता को शील्ड एवं मेडल प्रदान किया गया.

